हमारा व्हिसलब्लोअर सिस्टम

संक्षिप्त परिचय

सुरक्षा

निष्पक्ष

विश्वास

फ़ोक्सवैगन ग्रुप टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस इंडिया में, वैधानिक विनियमनों और आंतरिक नियमों के अनुपालन के साथ ही, हमारी और हमारे व्यावसायिक भागीदारों की आचार संहिता में निर्धारित सिद्धांतों का पालन करना, हमारी पहली प्राथमिकता है। हमारे लिए, किसी भी संभावित कर्मचारी या आपूर्तिकर्ता के अनुचित व्यवहार के बारे में जानकारी होना और इसे रोकना बहुत ज़रूरी है। इसके लिए, हमने सेंट्रल इन्वेस्टीगेशन ऑफ़िस को एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और गोपनीय व्हिसलब्लोअर सिस्टम का संचालन करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है। यह व्हिसलब्लोअर सिस्टम प्रक्रिया की निष्पक्षता के सिद्धांत के आधार पर, किसी भी व्हिसलब्लोअर, आरोपित व्यक्ति और इस घटना की जांच में योगदान देने वाले कर्मचारियों के लिए हर संभव सुरक्षा की गारंटी देता है।
अगर आपकी रिपोर्ट में आपूर्तिकर्ताओं के द्वारा मानवाधिकारों और पर्यावरण के जुड़े किसी संभावित गंभीर उल्लंघन की सूचना शामिल हो, तो इन्वेस्टीगेशन ऑफ़िस से इससे संबंधित सभी विभागों को सूचित किया जाएगा, जो मामले के अनुसार अपनी उचित कार्रवाई करेंगे।

यहां पर फ़ोक्सवैगन ग्रुप कंप्लेंट्स प्रोसीजर की प्रक्रिया के सिद्धांतों पर अधिक जानकारी पाएं।

हमारे व्हिसलब्लोअर सिस्टम पर रिपोर्ट बनाने का तरीका

व्हिसलब्लोअर सिस्टम पर विभिन्न चैनलों के माध्यम से किसी भी कर्मचारी और आपूर्तिकर्ता के अनुचित व्यवहार की रिपोर्ट की जा सकती है, जिसकी मदद से ज़रूरी होने पर हमारी कंपनी इनकी जल्दी समीक्षा करने और अपनी प्रतिक्रिया देने में सक्षम होती है। यह रिपोर्ट सभी भाषाओं में 24/7 बनाई जा सकती है।

व्यक्तिगत रूप से
मिलने के लिए ई-मेल पर अपॉइंटमेंट बुक करें

हमसे डाक द्वारा संपर्क करने का पता
फ़ोक्सवैगन एजी – सेंट्रल इन्वेस्टीगेशन ऑफ़िस,
मेलबॉक्स 1717, बर्लिनर रिंग 2, 38436 वुल्फ्सबर्ग
(जर्मनी)

ई-मेल
io@volkswagen.de

ऑनलाइन रिपोर्टिंग चैनल
https://goto.speakup.report/volkswagen

फ़ोन से सूचना दें
0008 0005 03159 (टोल फ़्री)
आर्गेनाइज़ेशन कोड: 122203

लोकपाल
http://www.ombudsmen-of-volkswagen.com

ऐप
आर्गेनाइज़ेशन कोड:
122203

क्या आपके मन में कुछ और सवाल हैं या आप स्थानीय रूप हमसे संपर्क करना चाहते है?

कृपया व्हिसलब्लोअर सिस्टम से संबंधित कोई भी सवाल पूछने या इस सिस्टम को बेहतर बनाने के सुझाव देने के लिए इन्वेस्टीगेशन ऑफ़िस से संपर्क करें।

इसके अलावा, व्हिसलब्लोअर सिस्टम के सभी मामलों में हमारे लोकल कंप्लायंस ऑफ़िसर/ इससे संबंधित विभागों से भी संपर्क किया जा सकता है compliance.vwits@volkswagen.co.in